Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 11-08-2005

Participants : Agarwal Shri Dhirendra

n style='mso-tab-count:1'>

Title : Need to take over construction of Mandal Dam in Chatra Parliamentary Constituency of Jharkhand by the Central Government with a view to provide irrigation facilities to tribal people in the region .

डॉ. धीरेन्द्र अग्रवाल (चतरा) : महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र चतरा आदिवासी बाहुल्य इलाका है, जिसमें रहने वाले आदिवासी किसान अपनी खेती-बाड़ी की सिंचाई के लिए वर्ाा पर निर्भर रहते हैं। अगर बारिश हो गयी तो उनकी फसल अच्छी हो जाती है अन्यथा उनके परिवार को लालन-पालन के लिए कई दिक्कत का सामना करना पड़ता है। इस क्षेत्र की कृाि भूमि को सींचने के लिए मेरे संसदीय क्षेत्र के महुआ डांड प्रखंड में मंडल डैम बन रहा था, जिस पर 150 करोड़ रूपये के लगभग खर्च हो चुके हैं और केवल 40 करोड़ रूपये का काम रह गया है। यह डैम राज्य के बंटवारे के बाद से अधूरा पड़ा हुआ है, जिसके कारण इसका एक और निर्माण कार्य खराब हो रहा है और इसमें लगे उपकरण भी खराब हो रहे हैं और लोगों को सिंचाई की सुविधा भी नहीं मिल रही है। अगर केन्द्र सरकार इसे अपने हाथ में लेकर इसके अधूरे काम को पूरा करे तो यहां के गरीब आदिवासी किसानों को बहुत राहत मिलेगी। इस सिंचाई योजना के चतरा, पलामू एवं अन्य जिलों को पानी मिलेगा।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस मंडल डैम को केन्द्र सरकार अपने हाथ में लेकर इसके अधूरे काम को पूरा करवाये, जिससे आदिवासी किसानों को अपनी खेत सिंचित करने में सुविधा मिल सके।